# न्यायालय - मोतिश कुमार सिंह, सत्र न्यायाधीश, सिवान।

फौजदारी प्रकीर्ण वाद संख्या - **33/2025**

उपेन्द्र कुमार

बनाम

बिहार सरकार

28-07-2026

आवेदक की ओर से हाजिरी है। आवेदक के विद्वान अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित हुए। इन्हें सुना। आवेदक पक्ष का कथन है कि विचारण वाद संख्या 1998/2025, (परिवाद वाद संख्या 2606/2017) वर्तमान में न्यायालय श्री रविशंकर पासवान **(वर्तमान में रिक्त न्यायालय)** न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, सिवान के न्यायालय में लंबित है तथा मूल विचारण वाद संख्या 2372/2025, (परिवाद वाद संख्या 2606/2017) वर्तमान में न्यायालय कुमारी सुलोचना, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, सिवान के न्यायालय में लंबित है। प्रश्नगत् दोनों विचारण वाद एक हीं परिवाद वाद से उपजा हुआ वाद है। अतः दोनों विचारण वादों को किसी एक न्यायालय में स्थानान्तरित करने की कृपा की जाय।

सुना तथा अभिलेख का अवलोकन किया, अभिलेख पर संबंधित दोनों न्यायालय से प्रतिवेदन प्राप्त है। उक्त प्रतिवेदन के अवलोकन से विदित होता है कि विचारण वाद संख्या 1998/2025, (परिवाद वाद संख्या 2606/2017) वर्तमान में न्यायालय श्री रविशंकर पासवान **(वर्तमान में रिक्त न्यायालय)** न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, सिवान के न्यायालय में लंबित है तथा मूल विचारण वाद संख्या 2372/2025, (परिवाद वाद संख्या 2606/2017) वर्तमान में न्यायालय कुमारी सुलोचना, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, सिवान के न्यायालय में लंबित है। प्रश्नगत् दोनों विचारण वाद एक हीं परिवाद वाद से उपजा हुआ वाद है।

**अतः न्यायहित में विचारण वाद संख्या 1998/2025 को न्यायालय श्री रविशंकर पासवान (वर्तमान में रिक्त न्यायालय) न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, सिवान से वापस लेकर न्यायालय कुमारी सुलोचना, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, सिवान के न्यायालय में स्थानान्तरित किया जाता है।**

कार्यालय आदेश की प्रति संबंधित न्यायालयों में प्रेषित करें तथा प्रश्नगत् फौजदारी प्रकीर्ण वाद के अभिलेख को नियमानुसार अभिलेखागार, सिवान में जमा करें।

लेखापित

sd/-

सत्र न्यायाधीश, सिवान।

28-07-2026

| | |
|---|---|
| Date of Judgement/order | 28-07-2026 |
| Date of Reserving Judgement/ Order | 28-07-2026 |
| Date of Uploading | 07 -08-2026 |
| Uploaded by | Ajit kumar |